(अपील संख्या एस–11–ए–0333 / 2024)

**डॉ0 सुशील कुमार बनाम ज0सू0अ0 चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**समक्ष–श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 राज्य सूचना आयुक्त।**

**आदेश**

अपीलार्थी के प्रतिनिधि श्री अशोक कुमार शुक्ला, अधिवक्ता उपस्थित हुए। विपक्षी जनसूचना अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की ओर से श्री के0के0 त्रिपाठी, अधिवक्ता उपस्थित हुए। अपीलार्थी का कथन है कि जनसूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं पर पत्र दिनांक 11.05.2025 के माध्यम से आपत्ति की गई है, जिसका निराकरण अभी तक नहीं हुआ है।

अतः न्यायहित में जनसूचना अधिकारी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को अपीलार्थी की आपत्ति संलग्न कर इस आशय की नोटिस निर्गत की जाए कि उक्त आपत्ति का निराकरण 07 दिनों के अन्दर करते हुए अनुपालन आख्या अगली सुनवाई तिथि पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।

वाद सुनवाई के लिए दिनांक 22.07.2025 को प्रस्तुत हो।

10.06.2025

यह आदेश
दिनाँक 16/6/25
को अपलोड किया गया।
सौरभ सिं
आशुलिपिक

Scanned with OKEN Scanner